Class - 2
Subject - HINDI COURSE BOOK
पाठ – 7 नन्हा बीज

1. शब्दार्थ

नन्हा	–	छोटा
आभा	–	सुंदरता
बारिश	–	वर्षा
अभिनंदन	–	स्वागत

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए –

क. क्या आप जानते हैं कि पौधा किससे निकलता है?

उत्तर पौधा बीज से निकलता है।

ख. बीज को पनपने के लिए किन–किन चीजों की आवश्यकता होती है?

उत्तर बीज को पनपने के लिए हवा, पानी, सूरज की रोशनी और मिट्टी की आवश्यकता होती है।

ग. बाहरी दुनिया में आने पर बीज ने कैसा महसूस किया?

उत्तर बाहरी दुनिया में आने पर बीज ने बहुत अच्छा महसूस किया।

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

क. नन्हा–बीज कहाँ था?

उत्तर नन्हा–बीज जमीन पर रहता था।

ख. बारिश की बूँद ने बीज से क्या कहा?

उत्तर बारिश की बूँद ने बीज से कहा कि मैं अंदर आना चाहती हूँ।

ग. सूरज की किरण बीज को क्या देना चाहती थीं?

उत्तर सूरज की किरण बीज को रोशनी देना चाहती थीं।

घ. सूर्य की किरण और बूँद ने मिलकर बीज से क्या कहा?

उत्तर सूर्य की किरण और बूँद ने मिलकर बीज से कहा कि हमें अंदर आने दो बीज भाई! हम तुम्हें बाहरी दुनिया में ले जाकर नया रूप देना चाहती है।

ङ नन्हें बीज ने क्या सुन रखा था?

उत्तर नन्हें बीज ने सुन रखा था कि बाहर की दुनिया बहुत सुंदर है।

4. मूल्यपरक प्रश्न :–

प्रश्न नन्हें बीज के मन का डर किस प्रकार गायब हुआ?

उत्तर बारिश की बूँद और सूरज की किरण ने नन्हें बीज को प्यार से अपने हाथों में उठा लिया। तब जाकर नन्हें बीज के मन का डर गायब हुआ।

5. सही शब्द चुनकर रिक्त–स्थानों की पूर्ति कीजिए –

आभा, थक, अकेला, आवाज, गुलाब

क. एक नन्हा–सा <u>गुलाब</u> का बीज था।

ख. एक दिन नन्हा–सा बीज अपने घर में <u>अकेला</u> था।

ग. अचानक दरवाजे पर उसे खट–खट की <u>आवाज</u> सुनाई दी।

घ. बारिश की बूँद नन्हें बीज को मना–मनाकर <u>थक</u> गई पर वह नहीं माना।

ङ नन्हा बीज बाहर की <u>आभा</u> को देखकर हैरान रह गया।

6. किसने कहा, किससे कहा, लिखिए –

		किसने	किससे
क.	"मैं अंदर आना चाहती हूँ।"	बूँद ने	बीज से
ख.	"नहीं, मैं दरवाजा नहीं खोलूँगा।"	बीज ने	बूँद से
ग.	"मैं सूरज की किरण हूँ।"	सूरज की किरण ने	बीज से
घ.	"हमें अंदर आने दो बीज भाई!"	किरण और बूँद ने	बीज से

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. कौन–सा बीज जमीन के अंदर था?

✓ गुलाब का चमेली का आम का

ख. सबसे पहले बीज के घर का दरवाजा किसने खटखटाया

✓ बूँद ने किरण ने चाँदनी ने

ग. प्रकृति की सुंदर दुनिया बीज का क्या कर रही थी?

इंतजार ✓ स्वागत उपहास